जनसत्ता
इंडियन एक्सप्रेस समूह
jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta
NEW DELHI I 8 AUG 2015

निर्यातक अमेरिका, यूरोप से परे नए बाजारों की तलाश करें : डीजीएफटी

नई दिल्ली, 7 अगस्त (भाषा)। निर्यात घटने से चिंतित विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) प्रवीर कुमार ने शुक्रवार को निर्यातकों से कहा कि वे अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों से परे देखें और अपने निर्यात के लिए मुक्त व्यापार समझौतों के अपने भागीदार देशों समेत नए मौके तलाशें।

कुमार ने यहां राष्ट्रीय रबर सम्मेलन में कहा- सारे अंडे एक ही झोली में न रखना अच्छा विचार है। अगर हम यूरोप और अमेरिका पर बहुत निर्भर करते हैं और ऐसे में किसी एक क्षेत्र में कोई समस्या होती है तो पूरा देश और उद्योग प्रभावित होगा। अगर हम चाहेंगे कि हमारे निर्यातक अन्य देशों में संभावनाएं तलाशें। उन्होंने कहा कि वैश्विक मांग में नरमी को देखते हुए निर्यात बड़ी चुनौती है। निर्यातकों को एफटीए भागीदार देशों के अलावा लैटिन अमेरिका, अफ्रीका, सीआईएस और आसियान देशों की ओर रुख करना चाहिए।

कुमार ने कहा कि सरकार नए बाजार में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रही है और उन देशों में विशाल संभावनाएं हैं जिनके साथ देश ने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया है।